सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर-272202 उ०प्र०(भारत)

Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक–1667 /कु0स0का0/सि0वि0वि0/2024 दिनांक– 05–10–2024

अति महत्वपूर्ण

सूचना

वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के पत्र दिनांक 667/सि0वि0वि0/2024–25 दिनांक 04–09–2024 के क्रम में अवगत कराना है कि भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त मूल्यांकन, प्रैक्टिकल, पेपर सेटिंग तथा अन्य फर्मो के देयकों से टी0डी0एस0 कटौती से सम्बन्धित (व्यक्ति व फर्म) जिनका पैन एवं आधार कार्ड **दिनांक 01–07–2023 से लिंक न होने की स्थिति में टी0डी0एस0 10 प्रतिशत एवं फर्मो से 02 प्रतिशत के स्थान पर आयकर अधिनियम 1961 के Section 206AA के तहत 20 प्रतिशत कटौती की जानी है।**

अतः उपरोक्त के क्रम में देयकों के साथ पैन कार्ड एवं आधार कार्ड लिंक की स्थिति स्पष्ट किये जाने हेतु सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। उक्त प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न न होने की स्थिति में भुगतान किया जाना संभव नही होगा, अन्यथा की स्थिति में **वित्त अनुभाग द्वारा नियमानुसार 20 प्रतिशत आयकर कटौती (टी0डी0एस0) के उपरान्त ही भुगतान संभव होगा एवं उक्त धनराशि का रिबेट भी सम्बन्धित को प्राप्त नही होगा।** वित्त अधिकारी जी के उक्त निर्देश के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है कि कृपया शीघ्र अपने पैन एवं आधार को लिंक कराने का कष्ट करें, जिससे उक्त असुविधा से बचा जा सकें।

05.10.24

परीक्षा नियत्रंक
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक– /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. उप कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
6. पटल सहायक, समस्त अनुभाग, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर तथा महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
9. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

परीक्षा नियत्रंक
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।